04 किसान पानी के लिए तरस रहे हैं क्षेत्र में सिंचाई का...



07 मुआवजा नहीं तो सदन की कार्रवाई नहीं विधानसभा...



## खबर संक्षेप

### 147वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 26 को लगेगा

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर की 156 वीं जयंती के पुनीत अवसर पर उनके पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 147 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 26 नवम्बर दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 25 नवम्बर तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं।

### विशेष गहन पुनरीक्षण का जिला कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के आदेशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं अनुश्रवण हेतु कंट्रोल रूम/कॉल सेंटर कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 141 में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी नियत की गई है।

### घर-घर जाकर किया जा रहा है मतदाता गणना प्रपत्र का वितरण

**सागर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश और कलेक्टर संदीप जीआर के मार्गदर्शन में जिले भर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिले में प्रतिदिन प्रगति दर्ज की जा रही है, जिससे मतदाता सूची को और अधिक सटीक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारीयों के द्वारा घर घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। आज नायब तहसीलदार प्रतीक कुमार रजक, सुपरवाइजर शरद तिवारी और पटवारी विनोद साहू नरयावली विधायक प्रदीप लारिया के घर पहुंचे जहां बीएलओ मनीषा यादव ने विधायक लारिया का एसआईआर फॉर्म पूर्ण कराकर डिजिटाईजेशन कराया। इस दौरान मतदाताओं को फॉर्म भरने की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बीएलओ ने मतदाताओं की सहायता कर फॉर्म भरवाने में सक्रिय भूमिका निभाई। यह अभियान मतदाता सूची में नई प्रविष्टियां, संशोधन और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम घर घर पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रही है, ताकि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो सके। कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि एसआईआर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्ध हैं। जिले में अब तक अच्छी प्रगति हुई है और आने वाले दिनों में यह और तेज होगी।

डॉ. हरीसिंह गौर को 'भारत रत्न' की उपाधि बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए थी

# डॉ. हरी सिंह गौर एशिया के पहले दानवीर जिन्होंने पूरी निजी कमाई विश्वविद्यालय बनाने दान में दे दी : पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डा. हरी सिंह गौर सागर के लिए भगवान का रूप थे। मैं आज जो भी हूं तो उनके कारण ही हूं। उन्होंने लाखों युवाओं का भविष्य बना दिया। डा.गौर एशिया के ऐसे एकमात्र दानवीर हैं जिन्होंने अपनी निजी कमाई से अर्जित संपत्ति को दान करके ऐसा विश्वविद्यालय स्थापित किया जिसने पिछड़े बुंदेलखंड क्षेत्र के लाखों गरीबों को शिखर तक पहुंचने योग्य बनाया। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्वर्णजयंती सभागार में डा हरी सिंह गौर की 156 वीं जयंती पर आयोजित 'गौर उत्सव' के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों को यह जानकारी आवश्यक है कि डा गौर डा हरीसिंह गौर सेंट्रल यूनिवर्सिटी सागर के संस्थापक के अलावा दिल्ली व नागपुर विश्वविद्यालयों के भी कुलपति थे। उनकी पहल से भारत में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना हुई। उनकी कोशिशों से भारत में महिला वकीलों को अदालतों में प्रैक्टिस करने की अनुमति मिली। वे संविधान निर्माण समिति के सदस्य थे और उस दौर के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आठ वकीलों में उनका नाम शामिल था। वे श्रेष्ठ विधिवेत्ता थे जिनकी लिखी कानून की पुस्तकों को आज भी लंदन के ला कालेजों में पढ़ाया जाता है। उनके बनाए हिंदू मैरिज एक्ट के कारण महिलाएं ऐसे केसों में जेल जाने से बचीं।

पूर्व मंत्री सिंह ने कहां कि डॉ. हरीसिंह गौर को 'भारत रत्न' की उपाधि बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए थी। पूर्व में भाजपा सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव पास करके केंद्र सरकार को भेजा था और हम लोग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेट कर पुनः यह प्रस्ताव भिजवाने का आग्रह करेंगे। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया कि डा गौर द्वारा 1946 में स्थापित सागर विश्वविद्यालय भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों में था। मध्यप्रदेश के 22 जिलों के 160 कालेज इस विश्वविद्यालय से संबद्ध थे। उनकी विश्वविद्यालय की परिकल्पना वैश्विक थी। उनके विश्वविद्यालय में ऐसे अनेक पाठ्यक्रम थे जिनको पढ़ाने के लिए देश में पहली बार अलग से विभाग खोले गए। इन विभागों के लिए विदेशों से विश्वस्तरीय विशेषज्ञ शिक्षक उन्होंने सागर विश्वविद्यालय में बुलवाए थे जो उन्हीं की प्रेरणा से आ सकते थे। भूगर्भ शास्त्र, अपराध शास्त्र, मानवशास्त्र, फार्मेसी, मनोविज्ञान, योग, दर्शन शास्त्र, अंग्रेजी साहित्य जैसे विभाग सागर विश्व विद्यालय में ही हुआ करते थे।

उन्होंने कहा कि जब मैं विश्वविद्यालय में पढ़ने पहुंचा था तब उस समय 25 प्रतिशत विदेशी छात्र अध्ययन के लिए सागर यूनिवर्सिटी आते थे। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि उस दौर में 15000 छात्र एनरोल्ड होते थे। उन्होंने कहा कि मैं 1978 मैं एडमीशन के प्रथम वर्ष से ही विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति में सक्रिय हुआ और अनेक चुनाव लड़े कई पदों पर चुना गया। छात्रसंघ और छात्र महासंघ के चुनाव के लिए प्रदेश के 22 जिलों के 160 कालेज तक पहुंचने में एक महीना लग जाता था। सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाने और सागर में मेडीकल कालेज खोलने की मांगों को लेकर कई बार आंदोलन किए जिनके कारण अनेक बार जेलों में रहना पड़ा। उन्होंने अपने छात्रसंघ सचिव के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह जी के सामने प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोलियां और लाठीचार्ज में तीन छात्रों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।



### 30 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए

**गढाकोटा।** रहली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में सहायिका पदों के लिए संपन्न चयन प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को 30 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र गणनायक निवास से विधायक गोपाल भार्गव ने वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं सभी नई नियुक्त सहायिकाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण होगा। नियुक्ति के साथ ही सहायिकाओं को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित जिम्मेदारियों का समर्पण और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसडीएम कुलदीप पारासर, गढ़ाकोटा परियोजना अधिकारी शीतल पटेरिया, ममता खटीक, स्वाति जैन, स्नेहलता जैन, प्रियंका सेन, बबीता भदोरिया सहित परिजन मौजूद थे।

### मध्यप्रदेश प्रेस क्लब ने राघवेंद्र ठाकुर को सागर संभाग का संगठन अध्यक्ष नियुक्त किया



**सागर।** मध्यप्रदेश प्रेस क्लब द्वारा सागर संभाग में संगठन विस्तार और पत्रकार हितों को सशक्त करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। क्लब ने सक्रिय एवं वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र सिंह ठाकुर को सागर संभाग का संगठन अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके साथ ही महेन्द्र सिंह राजपूत को संगठन महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी द्वारा जारी नियुक्तिपत्र में कहा गया है कि राघवेंद्र ठाकुर का पत्रकारिता क्षेत्र में निष्पक्ष व समर्पित योगदान, संगठनात्मक क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। प्रेस क्लब उम्मीद करता है कि नई टीम सागर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों में पत्रकारों के हितों की रक्षा, समस्याओं के समाधान, संवाद, कल्याणकारी कार्यक्रमों के संचालन तथा संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नियुक्ति पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रेस क्लब सभी पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा हेतु लगातार कार्य करता रहेगा और नई टीम इस दिशा में और मजबूती से योगदान देगी।

## एसआईआर कार्य में लापरवाही करने पर कलेक्टर ने शिक्षक को निलंबित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर संपूर्ण मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर सर्वे कार्य में लापरवाही को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अब सख्त रूख अपनाया जा रहा है। जिला कलेक्टर सागर की सतत निगरानी में चल रहे इस सर्वे कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन कार्रवाई की जा रही है।

जिले के खुरई के बाद देवरी में भी सर्वे कार्य में लापरवाही करने पर एक प्राथमिक शिक्षक के विरूद्ध जिला कलेक्टर सागर द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई है।अनुविभागीय दण्ड अधिकारी देवरी मुनव्वर खान ने बताया कि 4 नवंबर से चल रहे जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एसआईआर सर्वे कार्य की मॉनीटरिंग की जा रही है एवं कार्य में लापरवाही करने वाले अमले को कारण बताओ नोटिस जारी किये जा रहे है। विगत दिवस सर्वे कार्य में लापरवाही को लेकर प्राथमिक शिक्षक प्रमोद चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवसो में जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। परंतु उक्त अवधि में न तो उनके द्वारा जबाब प्रस्तुत किया गया और न ही वह उपस्थित हुए, जिसके चलते इस घोर लापरवाही एवं अवज्ञा को लेकर जिला कलेक्टर महोदय को कार्रवाई हेतु लिखा गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर महोदय द्वारा प्राथमिक शिक्षक प्रमोद चौबे को निलंबित किया गया है। एसआईआर सर्वे कार्य के संबंध में एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि गुरुवार को देवरी विधानसभा क्षेत्र 038 का एस आई आर का कार्य 29.35: हो चुका है। इस कार्य में लगे सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायक शिक्षक सचिव रोजगार सहायक नगर पालिका एवं जनपद के कर्मचारी डोर टू डोर सर्वे का काम कर रहे हैं उन्हें गणना पत्रक मतदाताओं के यहां पहुंच चुके हैं। प्राप्त फॉर्म को स्कैन करके ऑनलाइन अपलोड कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि देवरी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 2179 मतदाता है जिनके सत्यापन का काम चल रहा है 100: फार्म वितरित हो चुके हैं।

सत्यापन के लिए 2003 और 2025 की मतदाता सूची से नाम का मिलान किया जा रहा है जिनके नाम या माता-पिता के नाम 2003 की सूची में नहीं है वह अपने दूसरे विधानसभा क्षेत्र की 2003 की मतदाता सूची से सत्यापन कर फॉर्म स्कैन कर अपडेट करते रहते हैं। जो मतदाता सूची पब्लिक डोमेन में है वह कोई भी देख सकता है इस तरह फर्जी मतदाता मतदाता सूची में नहीं रहेंगे। उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन रहने की समस्या को देखते हुए सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे समय में वह दूसरे काम करेंगे फॉर्म भरने का काम करेंगे। और जो कर्मचारी लापरवाही करेगा उसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जैन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20-21 दिसंबर को, प्रविष्टि जमा 28 तक होंगी

**सागर।** अखिल भारतीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का 22 वें वर्ष का आयोजन संजोग समिति सागर के द्वारा 20 और 21 दिसंबर को होने जा रहा है। इस वर्ष पत्रिका में भारतवर्ष से 1500 से अधिक युवक युवतियों की प्रविष्टि शामिल होने का अनुमान है समिति के अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि लगातार 22 वर्षों से यह कार्यक्रम संजोग समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम बड़े भव्य और आकर्षक तरीके से किया जायेगा। युवक युवतियों का परिचय बायोडाटा रंगीन पुस्तक में प्रकाशित होगा पुस्तिका में प्रकाशनार्थ 800 रूपये का शुल्क निर्धारित किया गया है।

### महापौर ने नगर निगम में एसआईआर सर्वे से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का गोपालगंज झंडा चौक से शुभारंभ किया

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा एसआईआर सर्वे के दौरान नागरिकों को होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को महापौर संगीता सुशील तिवारी ने निगमायुक्त एवं सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री की उपस्थिति में 3 वार्डों गोपालगंज, सिविल लाइन एवं वृंदावन वार्ड के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु गोपालगंज वार्ड स्थित झंडा चैक पर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण ष्एसआईआरष सर्वे शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सर्वे के दौरान किसी भी नागरिक को कोई कठिनाई या असुविधा न हो। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्या का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वे टीमों व बीएलओ के सहयोग से यह शिविर जनसुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं ताकि नागरिक सीधे पहुंचकर अपनी समस्या बता सकें और उसी समय आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। निगमायुक्त खत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए ।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

बीएमसी में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता अभियान–2025 संपन्न

## मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक प्रभावशाली प्रयास : डीन डॉ. पीएस ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान 2025 के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 20 एवं 21 नवम्बर को आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि 20 एवं 21 नवम्बर को आयोजित गतिविधियों के प्रथम चरण में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता संपन्न हुईं।

प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपनी रचनात्मकता और संदेशों के माध्यम से उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। अभियान के दूसरे दिवस, 21 नवम्बर को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें मेडिकल कॉलेज के सभी चिकित्सा छात्र, नर्सिंग छात्र एवं अन्य प्रशिक्षणार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रैली के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में सकारात्मक और प्रेरणा दायक संदेश प्रसारित किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन का नेतृत्व अधिष्ठाता डॉ. पी. एस. ठाकुर, अधीक्षक डॉ. राजेश जैन, एवं डॉ. अभय तिर्की द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त रूप से मनोरोग चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय प्रसाद तथा सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमरनाथ गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। इसके अतिरिक्त डॉ. अनुराग सहित सभी विभागों के समस्त पीजी छात्रों की उपस्थिति एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित यह जागरूकता अभियान छात्रों एवं समाज दोनों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक प्रभावशाली एवं सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ।

## खबर संक्षेप

### ओ लेबल व ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के आवेदन आमंत्रित

**ललितपुर।** निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उप्र, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट स्तर से चयनित प्रशिक्षणदायी संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक युवतियों को ओ लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन आमंत्रित किये है। ओ लेबल प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी एवं अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य, इण्टरमीडियट उत्तीर्ण हो और अधिकतम वार्षिक आय एक लाख रूपया से अधिक न हो वह पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र की वेबसाइट पर 20 नवंबर से 1 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन फाइनल रूप से सबमिट करने के उपरान्त सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन की हस्ताक्षरित हार्डकापी वांछित अभिलेखों सहित अन्तिम रूप से 1 दिसंबर की सांय 05 बजे तक जनपद ललितपुर के विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या-29 में जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सड़कौरा निवासी बलराम पुत्र नन्दलाल अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 19 नवम्बर को 10.30 बजे वह घर पर था। तभी पड़ोस के मनोज, रामगोपाल पुत्रगण पंखूलाल, पंखूलाल पुत्र मलखान, कमलेश पुत्र धनीराम अहिरवार ने एकराय होकर खेत की बात को लेकर गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने ट्रांस्फार्मर जलाने का आरोप लगाते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने पहुंची जसोदा पत्नी नंदलाल, फूलन पत्नी भरोसा व भरोसा पुत्र मुलुवा के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भैंस चोरी करने वाले बदमाश को पकड़ा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस ने पंजीकृत मु.अ.सं. 374/2025 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित ग्राम कड़ेसरा बांसी निवासी जीतू पुत्र श्याम सहरिया को हिरासत में लिया है।

### बाइक सवारों से पेट्रोल पंप पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना बानपुर के ग्राम दिदौरा में रहने वाले नीलेश पुत्र मुकेश ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 13 नवम्बर को रात करीब 8.30 बजे वह चमरौआ अपनी मोटर साइकिल से निमंत्रण में जा रहे थे। बाइक पर उसके साथ रवि व बिटटू राजा बैठे हुये थे। रास्ते में ग्राम रानीपुरा में फूलसिंह के पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल डलवाने गये, तभी पम्प के स्टाफ द्वारा रानीपुरा निवासी मुनि अभिषेक पुत्र जानसिंह व सांकरवार निवासी अजय पाल यादव के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति ने गालियां दीं। गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। इसी बीच गांव के भूपेन्द्र की बुलेरो आयी, जिसमें उनके साथ बैठे हुये साथी व भूपेन्द्र ने गाड़ी रोकी तो गाड़ी पर पत्थर मारना शुरू कर दिये। सूचना डायल 112 व चौकी पुलिस राजघाट को दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पति व देवर से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी सोनम पत्नी शनि कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 17 नवम्बर की रात करीब 10 बजे उसका पति शनि, देवर लक्ष्मन जो कि मोटर साइकिल रखने के लिए चौकाबाग में चम्पा के यहां गये हुये थे, तभी वहां से संजू, अनिल व कृष्णा पुत्रगण सरमन, सरमन पुत्र नन्दलाल कुशवाहा ने उसके पति से गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

### राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# पुलिस में प्रवेश की प्रक्रिया बताई, नारी मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में बुधवार को कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सरकारी और गैर सरकारी विभागों में प्रवेश के अवसरों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि अधिशासी अभियंता लव कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम शुरुआत में मिशन शक्ति से उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह यादव, ज्योति सिंह ने पुलिस विभाग में प्रवेश की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को साइबर सुरक्षा और नारी मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया। ज्योति सिंह ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं, वे आईएएस, डॉक्टर, पायलट जैसे विभिन्न विभागों में कार्यरत होकर देश की सेवा कर रही हैं। उसके बाद छात्र छात्राओं को चाईल्ड लाईन, वूमेन पावर,यूपी पुलिस प्रशासन की सेवा सुदृढ सुविधाओं व सुरक्षा की जानकारी दी गई। वक्ताओं में अधिशासी अभियंता लव कुमार चौहान, डी के तिवारी और प्रधानाचार्य राम बृज राम ने कैरियर गाइडेंस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह बच्चों को उनकी रुचियों, कौशल और व्यक्तित्व के अनुरूप सही करियर पथ चुनने में मदद करता है। इस मौके पर स्कूली छात्राओं द्वारा कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में मिशन शक्ति के विभिन्न प्रकार के जागरूक कार्यक्रम, नाटक प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व एक्सीयन डी के तिवारी, इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, प्रधानाचार्य राम बृज राम, सहायक अध्यापक धर्मेन्द्र कुमार, हर्षित जैन, सुषमा राजा, अनिल कुमार, अनूप सिंह, कुसुम राजा, हिमानी, राज कमल राजपूत अन्य शैक्षिक विभाग स्टाफ व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### माइनर नंबर 1 की दुर्दशा ने हालात और गंभीर कर दिए

# किसान पानी के लिए तरस रहे हैं क्षेत्र में सिंचाई का संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सजनाम बांध से निकलने वाली सिंगेपुर-खजुरिया माइनर नंबर 1 की दुर्दशा ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। माइनर खजुरिया गांव से होकर गुजरती है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत न होने और जगह-जगह टूट जाने के कारण बांध से छोड़ा गया पानी खेतों तक पहुंच ही नहीं पा रहा। वहीं, जहां किसी तरह पानी पहुंच भी रहा है, वहां वह फसलों को बचाने के बजाय पूरी तरह बर्बाद कर रहा है। माइनर के कई स्थानों पर टूटे होने के चलते पानी खेतों में पहुंचने से पहले ही बाहर बह जाता है। ऊपर की तरफ से बहकर निकलने वाला पानी बड़े नाले में समा जाता है, जिससे सिंचाई के लिए छोड़ा गया कीमती पानी व्यर्थ चला जाता है। निचले हिस्सों में जिन खेतों तक पानी पहुंचता भी है, वहां अचानक ज्यादा मात्रा पहुंचने से खड़ी फसलें चौपट हो रही हैं। एक तरफ ऊपरी हिस्से के किसान पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं, वहीं नीचे की ओर रहने वाले किसानों के खेतों में बेतरतीब पानी पहुंचकर नुकसान कर रहा है। फसलें गल रही हैं, अनेक खेतों में पानी भर गया है, वहीं अन्य किसान सूखे से परेशान हैं।

#### किसानों का आरोप है कि घोटाला चल रहा



ये स्थिति सिंचाई व्यवस्था की खामियों को साफ बयां करती है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि घोटाला चल रहा है। मरम्मत के नाम पर कागजों में बजट खर्च दिखा दिया जाता है, जबकि जमीनी हकीकत में माइनर और नहरें जर्जर हालत में पड़ी हैं। विभाग के अधिकारी मलाई खा रहे हैं, ठेकेदार मजे कर रहे हैं, और हम किसान पानी के लिए आस लगाए बैठे हैं। लगातार खराब होती सिंचाई व्यवस्था से किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। कई किसानों ने बताया कि वे कई बार विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। हर बार आश्वासन मिलता है, पर माइनरों की मरम्मत आज तक नहीं हुई। खराब सिंचाई व्यवस्था का सीधा असर रबी की तैयार फसलों पर पड़ रहा है। चना, गेहूं और मसूर जैसी प्रमुख फसलों के लिए समय पर पानी अत्यंत आवश्यक है, लेकिन टूटे माइनरों और नहरों के कारण पानी पहुंच नहीं पा रहा। यदि हालात जल्द नहीं सुधरे तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की माइनरों और नहरों की तुरंत मरम्मत, जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों की जांच, सिंचाई की नियमित निगरानी की मांग उठायी है।

### पूर्व प्रधान ने सौंपा ज्ञापन

# डीआरएम ने किया धौर्रा स्टेशन का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

धौर्रा रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व प्रधान व स्थानीय प्रतिनिधि द्वारा उनसे मुलाकात कर रेल मरम्मत कार्य के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधाओं के संबंध में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि आगामी 27 नवंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक रेल मरम्मत कार्य के कारण झेलम एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा और झाँसी-बीना मेमो ट्रेनों का परिचालन बंद रहेगा। इस अवधि में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए, स्थानीय जनता ने डीआरएम से अस्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। धौर्रा स्टेशन पर महामना एक्सप्रेस का अस्थायी स्टॉपेज दिया जाए। झाँसी-बीना रूट पर लगभग 19 छोटे-बड़े स्टेशनों पर मेमो ट्रेन के स्थान पर किसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन को पैसेंजर ट्रेन बनाकर चलाया जाए, जिससे जनमानस को परिवहन की सुविधा मिल सके। इस दौरान पूर्व प्रधान रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, शाहिद खान, राकेश शर्मा, धर्मेंद्र यादव, भगवान सिंह यादव, विपिन जैन, मोनू चौबे, आर्यन मिश्रा, अभिषेक, श्यामसुंदर मिश्रा, मुन्ना यादव, नंदराम रजक, रवि यादव एवं बारेलाल अहिरवार मौजूद रहे।

### महिलाओं ने डीएम को भेजा ज्ञापन

# सार्वजनिक शौचालय का रास्ता खुलवाने के लिए लगाई गुहार



**ललितपुर।** वर्षों से सार्वजनिक शौचालय को बाउण्ड्रीबाल से ढक दिये जाने का आरोप लगाया गया है। सार्वजनिक शौचालय जाने वाले रास्ते को बंद किये जाने के मामले को लेकर महिलाएं जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने सार्वजनिक शौचालय को जाने वाले रास्ते को खुलवाये जाने की मांग उठायी है। डीएम को दिये ज्ञापन में वार्ड नं. 7 मोहल्ला बड़ापुरा झांसीपुरा में रहने वाली महिलाओं ने बताया कि वार्ड पार्षद व नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा कांशीराम पार्क के पीछे बाउण्ड्रीबाल बनाकर दी थी और बाउण्ड्रीबाल के बन जाने से वहां पर पूर्व से बने सार्वजनिक शौचालय को जाने वाले मार्ग को भी चारों ओर से बंद कर दिया है। इस कारण मोहल्ले के लोग सार्वजनिक शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि यह रास्ता नगर पालिका के द्वारा बनाया गया था, जो कि सार्वजनिक शौचालय की ओर जाता है। इसे जल्द खुलवाये जाने की मांग उठाते हुये महिलाओं ने जनहित में डीएम से मांग की है। ज्ञापन देते समय पार्वती, सरोज, प्रीति, शारदा, सोना, जानकी व लक्ष्मी आदि मौजूद रहीं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत बैठक हुई

# 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, प्रकरण निपटेंगे



**ललितपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला जज/अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर के आयोजन के सम्बन्ध में जनपद के समस्त नोडल अधिकारी के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सचिव मयंक जायसवाल, एएसपी कालू सिंह, एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम, एआरटीवी वी.के., एलडीएम रंजीत कुमार, डीआईओ, एसडीओ पुष्पेन्द्र सिंह, एसआई नगर पालिका जितेन्द्र स्वरूप, जल संस्थान एक्सईएन मुंशीलाल वर्मा, एलईओ अनिल, एसओसी राकेश कुमार, विद्युत वितरण-2 वीरवल सिंह, सब डीएफओ सतेन्द्र तोमर उपस्थित रहे। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों को नियत करें एवं अधिक से अधिक नोटिस की तामीली करावें तथा हर संभव प्रयास करें, जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें।

### साइबर हेल्प डेस्क की कार्रवाई

# पुलिस ने लोगों को गुम और गिरे हुए मोबाइल फोन लौटाए



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना महरौनी के साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे, खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना महरौनी की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीआईईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड किया गया व मोबाइल फोन के आईईएमआई नम्बरों को रन कराया गया। सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विशलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 6 अदद गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रनि राजा दिनेश सिंह, उनि अभिषेक सिंह, कआ विपिन कुमार शामिल रहे।

### छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

# कहानी, कविता और लेखन से शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में एक शैक्षिक उन्नयन हेतु शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बीएलएड प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें छात्र-छात्राओं को शब्दों के माध्यम से कविता विधि, कहानी विधि, लेखन विधि के माध्यम से रूचि बढ़ाने के लिये कौशल विकसित किया गया। कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले ने कहा कि छात्र-छात्राएँ कहानी, कविता, लेखन संवाद कौशल के माध्यम से ज्ञानवर्द्धन कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि उपर्युक्त विधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं की रूचि को बढाते हुये कौशल विकसित किया गया। प्रवक्ता निधि जैन ने कहा कि कहानी, कविता के माध्यम से छात्र अपने विषय ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। संगोष्ठी को सफल बनाने में आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

**छात्र-छात्राओं की रूचि को बढ़ाते हुए कौशल विकसित किया गया**

### वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को दी दीपांजलि

# कचहरी चौराहे पर अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने जलाई कैंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अधिवक्ता संवाद और मानव ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कचहरी चौराहे पर अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धापूर्वक दीपांजलि अर्पित की।

इस दौरान उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को याद किया और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया और उनकी वीरता की प्रशंसा की। एड. हरदयाल सिंह लोधी ने अपने कमेंट में कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। उनकी बहादुरी और राष्ट्रप्रेम हमें सिखाता है कि हमें अपने देश और मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। वहीं, मानव ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने जिस साहस से अंग्रेजों का मुकाबला किया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। आज हम सब मिलकर उन्हें दीपांजलि अर्पित कर रहे हैं और यह संकल्प लेते हैं कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। यह कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम बना। इस कार्यक्रम में हरदयाल सिंह लोधी, सुनील देवलिया, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महेंद्र पाराशर, शशिकांत राजपूत, शेरसिंह यादव, अनुराग लोधी, ब्रजेश श्रीवास्तव, जगदीश पटेल, सचिन जैन, गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला, कमलेश लोधी, बलराम कुशवाहा, मनीष दुबे, विकास झां, देव सिंह, आशीष चौबे, रवि रैकवार, अक्षय गौतम, अनुज शर्मा, उमेश सोनी, वैभव सक्सेना, आनंद लोधी, बसंत पाराशर, शिवम पाराशर, दिलीप सिंह, प्रमोद नामदेव आदि कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पीसीसी चीफ ने किसान न्याय यात्रा के बहाने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया

# मुआवजा नहीं तो सदन की कार्रवाई नहीं विधानसभा के भीतर भी देंगे धरना:जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



प्रशासन के मन में कोई खोट नहीं है प्रशासन ने किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए जो काम सर्वे इत्यादि का करना था वह कर दिया है और अब गेंद सरकार के पाले में है पर सरकार किसानों को मुआवजा देना नहीं चाहती है। सरकार की नीयत ठीक नहीं है। अगर एक दिसंबर तक किसानों को फसल क्षतिपूर्ति राशि नहीं दी गई तो विधायक बाबू जंडेल पटेल चौक से उठकर विधानसभा के भीतर भूख हड़ताल करेंगे और उनका सहयोग सारे कांग्रेस के विधायक उनके साथ सदन के भीतर ही धरना देकर करेंगे। जब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाया जाता तब तक सदन की कार्रवाई नहीं चलने दी जाएगी। यह बात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को मेला रंगमंच पर किसान यात्रा को संबोधित करते हुए कही।

शहर में रोड शो के माध्यम से मेला रंगमंच पर पहुंचे पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने पहले पटेल चौक पर पहुंचकर विधायक बाबू जंडेल से चर्चा की इस दौरान वहां प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे जिन्होंने बताया कि प्रशासन ने अपना काम पूरा कर दिया है सर्वे इत्यादि जो करना था वह कर शासन को भेज दिया है विधायक को भूख हड़ताल समाप्त कर देनी चाहिए। इस पर जीतू पटवारी और विधायक ने कहा कि सरकार या प्रशासनिक अधिकारी घोषणा करें कि वह किस दिन किसानों के खातों में राशि डालेंगे तो धरना समाप्त कर दिया जाएगा वरना धरना जारी रहेगा। बाद में मेला रंगमंच पर पहुंचे पटवारी ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उसे किसानों की चिंता नहीं है वह तो सिर्फ झूठी घोषणा करके और झूठे वादे करके ही मस्त हैं उन्होंने कहा कि उन्हें जिला प्रशासन की ओर से आश्वासन मिला है कि शीघ्र ही किसानों के खातों में मुआवजा की राशि डाली जाएगी अगर राशि नहीं डाली जाती है तो 1 दिसंबर से विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है और इस सदन को हम तभी चलने देंगे जब किसानों के खातों में राशि डाल दी जाएगी राशि नहीं डाले जाने की स्थिति में विधायक बाबू जंडेल विधानसभा के भीतर भूख हड़ताल करेंगे और कांग्रेस के सभी विधायक उनके समर्थन में सदन के भीतर धरना देंगे इस दौरान राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि श्योपुर के किसानों को इसलिए मुआवजा नहीं दिया जा रहा क्योंकि श्योपुर के किसानों ने ईमानदार और जनता के हितेषी विधायकों का चुनाव किया है। छल कपट वाली सरकार को श्योपुर के मतदाताओं ने नकार दिया है उन्होंने कहा कि श्योपुर के किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है उन्होंने जिले के दो विधायक हमें नहीं दिए हैं पूरे प्रदेश में जितने विधायक हैं सब आपके साथ हैं हम सारे विधायक मिलकर श्योपुर के किसानों की लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि में चार दिन से भूख हड़ताल पर बैठा हूं प्रशासन की ओर से कोई मेरा मेडिकल चेकअप तक करने नहीं आया है जब रात को जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने कलेक्टर को फोन कर बताया कि विधायक की जान जा सकती है तब मजबूरी में कलेक्टर के कहने पर एक चिकित्सक ने आकर परीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक भूख हड़ताल खत्म नहीं करूंगा चाहे मेरी जान ही क्यों नहीं चली जाए। इस दौरान विजयपुर क्षेत्र के विधायक मुकेश मल्होत्रा, भांडेर के विधायक फूल सिंह बरैया कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी आदि ने भी उद्बोधन दिए।

#### प्रशासन ने नहीं दी परमिशन फिर भी किया रोड शो

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के किसान न्याय यात्रा में शामिल होने के दौरान कांग्रेस जनों ने रेस्ट हाउस से मेला रंगमंच तक रोड शो करने की स्वीकृति मांगी थी लेकिन प्रशासन ने यह स्वीकृति जिले में लगी निषेधाज्ञा को आधार बताते हुए नहीं दी थी। इसके बावजूद कांग्रेसियों ने शिवपुरी रोड स्थित रेस्ट हाउस से जीतू पटवारी एवं जयवर्धन सिंह को ट्रैक्टर में बैठकर रोड शो करवाया रेलवे स्टेशन से होते हुए स्तंभ वहां से पाली रोड पटेल चौक पर धरना स्थल पर पहुंचे यहां से मेला ग्राउंड पहुंचकर सभा में शामिल हुए बिना परमिशन के रोड शो करने पर अब प्रशासन जीतू पटवारी, जयवर्धन सिंह और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं नेताओं पर कोई कार्रवाई करता है या नहीं यह देखने वाली बात होगी

### 4 दिसंबर तक भरे जाने हैं एसआईआर सर्वे में फॉर्म

# एसआईआर सर्वे में छूट रहे बीएलओ के पसीने ड्यूटी एक की, काम में जुटा पूरा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



एसआईआर सर्वे इन दिनों जिले में उत्सव के रूप में चलता दिखाई पड़ रहा है। आंगनवाड़ी पर बैठे बीएलओ कार्यकर्ता सहायिका की मदद से लोगों के फॉर्म भरते दिखाई दे रहे हैं हालांकि इस काम में बीएलओ को फार्म वितरण करने हैं और उसके बाद फार्म जमा करने हैं लेकिन एसआईआर सर्वे में जो फार्म वितरण किए गए हैं उसे भरने की जानकारी अधिकतर मतदाताओं को भी ठीक से नहीं है उनके द्वारा फार्म को गलत भरकर खराब कर देने की संभावना अधिक है, इसलिए मतदाताओं के फॉर्म भरने का काम भी बीएलओ को ही करना पड़ रहा है। इस काम में उनकी मदद कुछ स्वयंसेवक भी कर रहे हैं। जिन सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाई गई है उनकी फार्म भरने में उनके भी परिजनो को भी मदद करनी पड़ रही हैं।

हालांकि निर्वाचन आयोग ने एसआईआर सर्वे का फॉर्म बहुत आसान बनाया है, सर्वे फार्म में दो भागों में छापा गया हैं जिनमें से एक में उन मतदाताओं को जानकारी भरनी है जिन्होंने 2003 में खुद मतदान किया है जबकि दूसरी तरफ उन उन मतदाताओं को अपने पिता माता दादा दादी या रक्त से जुड़े अन्य किसी रिश्तेदार का एपिक नंबर पता भरना पड़ेगा जिन्होंने 2003 की मतदाता सूची में नाम जुड़ा है पर इस फॉर्म को आसान होने के बावजूद अधिकतर लोग गलत भर रहे हैं जिससे परेशानी और बढ़ रही है इसलिए बीएलओ को खुद मतदाताओं के फॉर्म भरने पड़ रहे हैं जो काम बीएलओ के लिए बहुत आसान बनाया गया था वह उनके द्वारा फार्म भरने के कारण बहुत कठिन जरूर हो गया है बीएलओ को एक फॉर्म भरने में करीब 10 मिनट लगता हैं और इस दौरान मतदाताओं की भीड़ खूब एकत्रित हो जाती है हालांकि इस काम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सहित अन्य कर्मचारियों को भी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सहयोग के लिए लगाया है हर बीएलओ को दो-दो सहायक दिए गए हैं जो उनकी मदद कर रहे हैं इसके बावजूद कई बीएलओ ऐसे हैं जो अपने परिवार की भी मदद ले रहे हैं खासकर महिला बीएलओ जिनकी मदद उनके पति या बेटे बेटियां करती हुई दिख रही है फॉर्म भरने के बाद जब उसे ऑनलाइन करना होता है इस काम में कई बीएलओ सक्षम नहीं है मोबाइल चलाने का काम उनके बेटे बेटी अच्छे से कर रहे हैं बच्चे इस काम में खूब सहयोग दे रहे हैं। कुल मिलाकर एसआईआर सर्वे का काम जिले में उत्साहपूर्वक और उत्सव के रूप में चल रहा है।

#### मस्जिदों में हुआ ऐलान एसआईआर में करें सहयोग

एसआईआर सर्वे में बीएलओ और मतदाताओं को सहयोग करने की अपील शुक्रवार को शहर की सभी मस्जिदों से की गई। शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी द्वारा जारी की गई अपील को शहर की सभी मस्जिदों में जुमा की नमाज के बाद इमाम ने पढ़कर सुनाया। अपील में एसआईआर में सर्वे में लगे शासकीय कर्मचारी खासकर बीएलओ को सहयोग करने और मतदाताओं के फार्म भरवाने में पढ़े-लिखे नौजवानों सेवानिवृत्त कर्मचारियों से अपील की गई है। शहर काजी ने अपील की है कि हर व्यक्ति अपने फार्म को तो भरे ही अपने आस पड़ोस वाले मतदाताओं के फार्म भी जरूर भरे। यह काम समय पर होना है। बीएलओ से किसी तरह से वाद विवाद ना करें इस मामले में राजनीति से दूर रहने की अपील भी शहर काजी ने की है।

#### भाजपा नेता घूम घूमकर कर रहे जागरुक

एसआईआर सर्वे में किसी तरह की अड़चन न आए यह काम आसानी से निपट जाए इस उद्देश्य से भाजपा नेता इस काम का पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर से मिले निर्देशानुसार भाजपा नेताओं की ड्यूटी अलग-अलग वार्डों गांवों में लगाई गई है दल बनाकर वह मतदाताओं का मार्गदर्शन भी करते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा नेता वार्डों में पहुंचकर मतदाताओं से हर हाल में फॉर्म भरने की अपील करते दिखाई दे रहे हैं भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, कैलाश नारायण गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष राठौर सहित कई भाजपा नेता रोजाना भ्रमण कर कर जानकारी सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं।

# श्योपुर जिले के 30 गांव बनेंगे तंबाकू मुक्त,बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




जिले के 30 गांवों को तंबाकू मुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत गुरूवार को नोडल अधिकारी तंबाकू मुक्त अभियान डॉ प्रदीप शर्मा एवं सीईओ जनपद पंचायत श्योपुर एसएस भटनागर द्वारा पंचायत सचिवों एवं जीआरएस की वर्चुअली बैठक ली गई। जनपद पंचायत श्योपुर में आयोजित इस बैठक के दौरान पंचायत सचिवों एवं जीआरएस को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा तम्बाकू मुक्त गांव बनाने के लिए पहल करने की अपेक्षा की गई। यह अभियान 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत श्योपुर जिले के 30 गाँव तंबाकू मुक्त करने का लक्ष्य दिया गया है तंबाकू मुक्त गांव चेक लिस्ट के आधार पर प्रमाणित किया जा सकेगा इसके पोस्टर एव चेक लिस्ट प्रदाय की गई।

### आंगनबाडी बंद मिलने पर जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रभारी सीडीपीओ कराहल सुषमा सोनी द्वारा गोरस, शंकरपुर, पनवाडा, सिलपुरी एवं पतरवाडा आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सुषमा सोनी ने बताया कि भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र बंद मिलने पर गोरस-सी कार्यकर्ता कमलेश आदिवासी, शंकरपुर आंगनबाडी-सी की कार्यकर्ता शकुतला शर्मा को अनुपस्थित मिलने पर नोटिस जारी किया गया है।

# डिजिटल साक्षरता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता:रोशनी शेख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




वन इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा कराहल के आजीविका भवन में आयोजित डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए तहसीलदार रोशनी शेख ने कहा कि वित्तीय और डिजिटल साक्षरता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वर्तमान में अधिकतर भुगतान डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से किये जा रहे है। मोबाइल के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध हुई है, इसके सावधानीपूर्वक उपयोग के लिए आयोजित यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है।

वन इंडिया डवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा कराहल ब्लॉक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आयोजित प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था से जुड़ने का मार्ग दिखाया। यह प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को न केवल वित्तीय रूप से जागरूक बनाने, बल्कि उन्हें साइबर सुरक्षा और मार्केटिंग लिंकेज जैसे विषयों में दक्ष करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।टीम की ओर से प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिमेष मोहंती ने प्रशिक्षण के व्यापक लक्ष्यों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रोजेक्ट लीडर अविनाश शर्मा ने मुख्य प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। प्रोजेक्ट मोबिलाइज़र राकेश कुशवाहा, शुक्राचार्य राजपूत ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया। प्रशिक्षण में वित्तीय प्रबंधन और घरेलू बजट महिलाओं को अपनी आय का सही प्रबंधन करने, बचत के विभिन्न विकल्पों को समझने और एक मजबूत घरेलू बजट तैयार करने के सरल और प्रभावी तरीके सिखाए गए, ताकि परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता सत्र में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन लेनदेन करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, और फ़िशिंग तथा अन्य प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी से स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय विस्तार से बताए गए। आधुनिक मार्केटिंग टूल्स प्रशिक्षण में महिलाओं को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स जैसे प्लेटफॉर्म की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से वे अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को बिना किसी बिचौलिए के राष्ट्रीय बाजार में बेच सकती हैं। उन्हें सोशल मीडिया और डिजिटल मार्केटिंग के सरल टूल्स का उपयोग करना भी सिखाया गया। इस अवसर पर एनआरएलएम के ब्लॉक मैनेजर सोनिया परिहार, सहायक ब्लॉक मैनेजर गोपाल शर्मा, अविनाश शर्मा, एसबीआई कराहल से प्रवीण कुमार, चंबल संभाग प्रभारी नेहा कुलश्रेष्ठ, एवं समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

### विजयपुर थाना क्षेत्र का मामला, पति और देवर पर केस दर्ज

# पत्नी ने कहा शराब पीकर घर मत आया करो तो गुस्सा हुए पति और देवर ने कर दी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


शाम को पति और देवर शराब पीकर घर आए तो पत्नी ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि इस तरह शराब पीकर घर मत आया करो, बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ता है। पत्नी की यह बात पति और देवर को इतनी बुरी लगी कि उनका गुस्सा सातवे आसमान पर पहुंच गया और दोनो ने मिलकर पत्नी की मारपीट कर दी। यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव मढा का है। पुलिस ने पत्नी की रिपोर्ट पर पति और देवर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम मढा निवासी अविता पत्नी लोकेन्द्र जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुरूवार की शाम को उसका पति लोकेन्द्र जाटव और देवर उदय जाटव शराब पीकर आए। दोनों को नशे में देखकर उसने समझाइया कि इस तरह शराब पीकर घर पर आओगे तो बच्चों पर बुरा असर पडेगा। बस समझाइसभरी यह बात कहने पर पति और देवर दोनो गुस्साएं हो गए और दोनों गाली गलौच करते हुए मेरी मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान चोटिल हुई अविता जाटव की रिपोर्ट पर विजयपुर थाना पुलिस ने पति लोकेन्द्र और देवर उदय के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### श्योपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला, एक एक हजार का जुर्माना भी लगाया

# आदिवासी युवक से मारपीट करने वाले दो भाइयों को 6-6 माह का सश्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



आदिवासी युवक की मारपीट करने संबंधी दो साल पुराने मामले में श्योपुर के विशेष न्याालय ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी भाईयों को छह छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुना दी।साथही एक एक हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला देहात थाना क्षेत्र के सोंईकलां कस्बे का है। इस मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की है। मामले के अनुसार 16 मार्च 2023 को जब फरियादी बना आदिवासी युवक सोंईकलां में नयापुरा तिराहे पर लगे बरगद के पेड के नीचे बैठा था,तभी वहां कमलेश मीणा और रोशन मीणा आए और पुराने चल रहे केस में राजीनामा पेश करने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया, इसी बात से नाराज होकर कमलेश मीणा और रोशन मीणा ने गाली गलौज करते हुए उसकी मारपीट कर दी और कमलेश ने पत्थर उठाकर उसके सिर में भी मार दिया। जिससे घायल हुए फरियादी ने अजाक थाना श्योपुर में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी कमलेश मीणा पुत्र रामपाल मीणा तथा रोशन पुत्र रामपाल मीणा निवासी सोंईकलां को दोषी मानते हुए उन्हें 6-6 माह के सश्रम कारावास और एक एक हजार के रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

### भैस मालिक को बदमाशों ने पांच घंटे तक बंधक बनाकर रखा अपने पास

# गसवानी के जंगल से बंदूक की नोंक पर दर्जनभर भैंसों को लूट ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विजयपुर थाना क्षेत्र से कार सवार ठेकेदार से 50 हजार रूपए लूटकर भागे बदमाश अभी पकडे नहीं गए है,उसके पहले ही गसवानी थाना क्षेत्र में बंदूको की नोंक पर दर्जनभर भैसों को लूटकर ले जाने की वारदात सामने आई है। जिन भैसों को बदमाश लूटकर ले गए है,उन्हें खुद भैसों का मालिक जंगल में चरा रहा था,जिसे बंदूक धारी बदमाशों ने बंधक बनाकर करीब पांच घंटे बंधक बनाकर अपने पास रखा और उसे तब अपने चंगुल से रिहा किया,जब बदमाश भैसों को जंगल के रास्ते हांकते हुए काफी दूर तक ले गए। भैसो को लूटकर भागे चारो बदमाश मुरैना जिले के सुमावली क्षेत्र के बताए गए है।

इस मामले में गसवानी थाना पुलिस ने चार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इनमें तीन बदमाश नामजद और एक बदमाश अज्ञात है। फिलहाल चारों बदमाश पुलिस की पकड से दूर है,लेकिन गसवानी सहित आसपास के तीन थानों की पुलिस बदमाशों की तलाश के लिए जंगल की सर्चिंग कर रही है। पुलिस के मुताबिक गसवानी थाना क्षेत्र के कोहिला के जंगल में भैसो को लूटने की यह वारदात बुधवार के रोज सुबह 11 बजे के आसपास तब घटित हुई,जब भैस मालिक अंगद पुत्र प्रभूदयाल धाकड निवासी बुढेरा जंगल में अपनी दर्जनभर भैसों को चरा रहा था, तभी वहां जंगल में चार बदमाश आ धमके।

#### बदमाशों ने भैंस मालिक को दो किमी तक अपने साथ पैदल चलाया

कोहिला के जंगल में आ धमके दो बदमाश जहां अपने हाथों में बंदूक लिए हुए थे,वहीं दो बदमाशों के पास लाठियां थी। चारो बदमाशों ने आते ही एक दम से भैस मालिक की कनपटी पर बंदूक तान दी और उसे अपने साथ चलने के लिए कहा। बंदूक तानते ही अंगद धाकड घबरा गया और वो बदमाशों के कहे अनुसार उनके साथ जंगल में पैदल चलने लगा। बताया गया है कि दो बदमाश दर्जनभर भैसों को हांकते हुए जंगल में ले जा रहे थे, वहीं दो बदमाश बंदूक अडाकर अंगद को अपने साथ पैदल लेकर चल रहे थे। करीब दो किलोमीटर तक बदमाशों ने अंगद को अपने साथ जंगल में पैदल चलाया और फिर एक जगह पर दो बदमाश अंगद को लेकर करीब 4 बजे तक खडे रहे तथा बाकी दो बदमाश भैसों को हांकते हुए जंगल में काफी दूर ले गए। जब भैसे काफी दूर चली गई,तब दोनों बदमाश अंगद को इस बार में किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

#### भैंस लूटने वाले तीन बदमाश नामजद,एक अज्ञात

भैसों को लूटकर भागे चारों बदमाश फिलहाल पुलिस की पकड से दूर बने हुए है। लेकिन गसवानी थाना पुलिस ने अंगद की रिपोर्ट पर चार बदमाशों के खिलाफ लूट और डकैती की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। चारों बदमाशों में तीन बदमाश नामजद है। जबकि एक बदमाश अभी अज्ञात है। गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि भैस मालिक अंगद धाकड एक बदमाश का नाम नहीं जानता है,लेकिन उसने तीन बदमाशों के नाम धन्नी गुर्जर निवासी लखनपुरा,भारत गुर्जर निवासी गोठपुरा, दिलीप गुर्जर निवासी मुसाकी बताए है। जिनकी तलाश की जा रही है।

#### 50 हजार लूटकर भागे बदमाश भी फरार

यहां बता दें कि ठेकेदार से 50 हजार रूपए लूटकर ले जाने की वारदात विजयपुर थाना क्षेत्र के गोहटा रोड पर घटित हुई है। जिसमें बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है,लेकिन अभी तक पुलिस किसी भी बदमाश को अरेस्ट नहीं कर सकी है। लिहाजा सभी बदमाश फरार बने हुए है।

#### इनका कहना है...

भैंसों को हांककर ले जाने वाले बदमाश फिलहाल पकडे नहीं गए है,लेकिन बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश करवाई जा रही है। चूंकि तीन बदमाश नामजद है,इसलिए जल्द ही उनके घरों पर दबिश देने के लिए पुलिस टीमे भेजी जाएगी। उम्मीद है कि बदमाश जल्द ही पकड लिए जाएंगे।

**राघवेन्द्र सिंह तोमर**
**एसडीओपी,विजयपुर**

### कराहल में दो दिवसीय लोकोत्सव 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल पर दो दिवसीय लोकोत्सव का आयोजन 29 नंवबर से होगा। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि लोकोत्सव के दौरान मध्यप्रदेश एवं पडोसी राज्यों के लोक गायन और विविध नृत्यों की प्रस्तुति होगी। उन्होने बताया कि उक्त आयोजन जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल के तत्वाधान में जिला प्रशासन के सहयोग से लोकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# एसआईआर कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने ग्राम सभाओं का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में एसआईआर कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के उद्देश्य से 22 नवंबर को विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

श्योपुर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौम्या आनंद द्वारा इस संबंध में जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश जारी किये गये है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है तथा बीएलओ द्वारा डोर टू डोर संपर्क कर एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में निर्देश जारी किये गये है कि उक्त कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के उद्देश्य से सभी ग्रामों में 22 नवंबर को विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया जायें तथा ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं पटवारी ग्राम स्तर पर सभी ग्रामवासियों को सूचित कर समस्त ग्राम की जानकारी एकत्रित कर बीएलओ को प्रदान करेंगे। इस सूचना का ग्रामों में मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार किया जायें।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के अनेक मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। कचनार पुलिस ने माधौगढ नि. राजू पारदी के पास से 60 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की शाढौरा पुलिस ने ग्राम जलालपुर निवासी कल्ला साहू के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने ही जलालपुर निवासी तोफान अहिरवार से 5 लीटर और फरदाई निवासी दीपक कोरी से 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सांसद खेल महोत्सव 2025 आयोजन की बैठक हुई

**अशोकनगर।** सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 का आयोजन केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार कराया जाना है। इस आयोजन की रूपरेखा निर्धारित किए जाने हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सांसद खेल महोत्सव 2025 के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की जाए। जिससे खिलाडियों खेल के लिए सभी आवश्यक सुविधा मुहैया हो सके। सांसद खेल महोत्सव हेतु प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के लिए एक उपयुक्त खेल मैदान का चयन, खेल सामग्री की उपलब्धता, साउंड सिस्टम और उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने खेल मैदानों पर विशेष साफ सफाई एवं पेयजल तथा खिलाडियों को स्वल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएं। बैठक में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन हेतु जनप्रतिनिधियों के सुझाव आमंत्रित किए गए।

### कहीं यह सपना तो नहीं है जो कहा जा रहा है, क्या वह हकीकत में होगा?

# गुजरात की तर्ज पर थीम रोड व पछाड़ी खेड़ा लेक का सौंदर्यीकरण हो जाए तो...





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

20 साल पहले का अशोकनगर और 20 साल बाद के अशोकनगर में कोई अंतर नजर नहीं आता। वहीं सड़के, वहीं चैराहे और वैसा ही शहर। उड़ती धूल, यातायात की समस्या, सौन्दर्यकरण से कोसों दूर यह सब अशोकनगर की कहानी है। लेकिन केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अब इस शहर का विकास गुजरात की तर्ज पर करने जा रहे हैं। एक बार तो यह बात सुनकर ऐसा लगता है कि सबकुछ सपना है या हवा हवाई बातें हैं। अगर ऐसा कहा जा रहा है और वैसा होता है तो अशोकनगर शहर की पहचान ही बदल जाएगी और सपनो का शहर कहा जाने वाले अशोकनगर हकीकत की जमीं पर उतर आएगा।

यह सब इसलिए लिखना पड़ रहा है क्योंकि केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर के शहरी विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हाल ही में उन्होंने एक वर्चुअल बैठक भी आयोजित की थी, जिसके तहत अशोकनगर के एक प्रतिनिधि मंडल को गुजरात के साबरमती भेजा गया था। सिंधिया की पहल पर, इस प्रतिनिधि मंडल में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह और नगर पालिका में उपयंत्री भानु कुशवाह शामिल थे। उन्होंने वहां साबरमती के विकास को देखा है और उसी विकास की परिकल्पना को लेकर लौटे यह प्रतिनिधि इसे साकार करने का सपना सजो रहे हैं। यह तो सभी जानते हैं कि केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के लिए यह सब कुछ कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन करना भी बहुत मुश्किल है।

#### तुलसी सरोवर को अतिक्रमण से मुक्ति मिलने का इंतजार

जिला मुख्यालय पर बहने वाले अशोकनगर शहर की धरोहर तुलसीसरोवर के सौन्दर्यकरण को लेकर और इसे प्राकतिक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए भोपाल जैसे प्लान की जरूरत है, जब तक तालाब के पास से अतिक्रमण नहीं हटेगा, तब तक कैसे इस तालाब में उठती पानी के हिलोरों का आनंद लिया जा सकेगा। सच पूछो तो अब समय तुलसी सरोवर के उद्धार का आ गया है। वर्ष 1977 में अस्तित्व में आए इस सरोवर ने 52 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। यह तालाब शहर की धरोहर इसलिए है कि यह जल स्तर को बढ़ाने में मददगार है, सौन्दर्य का प्रतीक है और धार्मिक भावनाओं की आस्था का केन्द्र है। इसे बचाने की मुहिम ठीक वैसे ही है जैसे हम अपने जीवन को बचाने का प्रयास करते हैं। यदि तालाब बचेगा तो हम भी बच सकेंगे।

#### साबरमती तर्ज पर थीम रोड

प्रतिनिधि मंडल ने गुजरात पहुँचकर साबरमती रिवरफ्रंट का गहन दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यह देखना था कि जिस प्रकार साबरमती का विकास हुआ है, उसी तर्ज पर अशोकनगर में भी एक बेहतर थीम रोड का निर्माण कैसे किया जा सकता है। यह प्रस्तावित थीम रोड दुबे हॉस्पिटल चैराहा से चुंगी नाका तक बनाई जाएगी। प्रतिनिधि मंडल ने साबरमती के विकास कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया, ताकि वहां से सीख लेकर अशोकनगर की थीम रोड को भी अत्याधुनिक और आकर्षक बनाया जा सके। प्रतिनिधि मंडल ने गुजरात के प्रसिद्ध कांकरिया लेक का भी दौरा किया। इसी की तर्ज पर आगामी समय में अशोकनगर के पछाड़ीखेड़ा लेक को भी बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। सिंधिया की मंशा है कि पछाड़ीखेड़ा लेक का सौंदर्यीकरण कर वह मनोरंजक स्थल बने। योजना के तहत, लेक के चारों ओर फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा, और बच्चों के खेलने के लिए झूले सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

#### अटल ब्रिज का अवलोकन

प्रतिनिधि मंडल ने अपने दौरे के दौरान अहमदाबाद के प्रतिष्ठित अटल ब्रिज का भी अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया का स्पष्ट उद्देश्य है कि अशोकनगर में विकास के नए आयाम स्थापित हों और शहर और भी सुंदर एवं सर्व सुविधा संपन्न बने। प्रतिनिधि मंडल के दौरे से प्राप्त अनुभव और इन प्रमुख स्थलों की तर्ज पर होने वाले विकास कार्यों से यह उम्मीद जगी है कि जल्द ही अशोकनगर के नागरिकों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## एसआईआर का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर एसडीएम ने बीएलओ को किया सम्मानित



**करैरा।** निर्वाचन आयोग भारत सरकार द्वारा मप्र में एसआईआर का कार्य कराया जा रहा है जिसमें मतदाताओं से दो फार्म भरवाए जा रहे हैं। एक फार्म आवेदक के पास रहेगा दूसरा बीएलओ निर्वाचन शाखा में जमा करेंगे। करैरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोडा पिछोर के मतदान केंद्र क्रमांक 179 पर बीएलओ रामकुमार लोधी शिक्षक द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा कराया जा रहा एसआईआर का कार्य समय से पहले ही पूर्ण कर लिया है। शिक्षक रामकुमार लोधी शासकीय प्राथमिक विद्यालय टपरियन टोड़ा पिछोर विकासखंड करैरा में पदस्थ हैं। और विधानसभा करैरा में सबसे पहले शत प्रतिशत एसआईआर का कार्य पूर्ण करने पर करैरा एसडीएम अनुराग निंगवाल द्वारा तहसील कार्यालय गुरुवार रात 9 बजे के लगभग बीएलओ रामकुमार लोधी शिक्षक का गुलदस्ता भेंट कर मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि कोई भी काम असंभव नहीं है सिर्फ लग्न होनी चाहिए।

बीएलओ रामकुमार लोधी ने समय से पहले ही कार्य 100% कर विधानसभा करैरा के प्रथम बीएलओ है जिन्हें समय पर पूरा कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर करैरा तहसीलदार कल्पना शर्मा, नायाब तहसीलदार अशोक श्रीवास्तव, विजय त्यागी, बीआरसीसी विनोद तिवारी सहित सभी बीएलओ जो निर्वाचन का कार्य कर रहे सभी साथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### रात्रि चौपाल के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। इसी क्रम में चल रहे एसआईआर सर्वे कार्य में सहयोग हेतु विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 70 और 71 ग्राम रावसर में रात्रि चैपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चैपाल में मतदाताओं की जानकारी का संकलन और जागरूकता हेतु आवश्यक जानकारी मतदाताओं को प्रदान की गई। इस अवसर पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी,सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भारतेन्दु सिंह यादव सहित बीएलओं उपस्थित रहे।



## विजय रथ की चौपाई व श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय से मनाई रानी लक्ष्मीबाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति सदस्यों ने ग्राम डोंगर में विजय रथ एवं नवधा भक्ति की चैपाइयों का वाचन ग्रामवासियों के मध्य किया तथा ग्राम में आगामी मंगलवार प्रात 8 बजे हनुमान मंदिर से गीता जन जागरण यात्रा निकाली जाएगी यह चर्चा तय किया गया।

इसके पश्चात समिति सदस्यों ने ग्राम ग़र्रोली में श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय किया और राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया व रानी लक्ष्मीबाई जयंती मनाई। जहां वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पटल पर फूल माला से श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन पर गीताव्रती रामबली यादव ने प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर, 1828 को वाराणसी में हुआ था। उनका बचपन का नाम मणिकर्णिका था और उन्हें प्यार से मनु कहा जाता था। उन्होंने बचपन में ही घुड़सवारी, निशानेबाजी और तलवारबाजी जैसे प्रशिक्षण प्राप्त किए थे। 14 साल की उम्र में उनका विवाह झाँसी के महाराजा गंगाधर राव से हुआ और विवाह के बाद वह झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई कहलाईं। 1857 के विद्रोह में उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ वीरता से लड़ाई लड़ी और 18 जून, 1858 को ग्वालियर के पास युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुईं।

उन्होंने सभी को नियमित योग करने और श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ने के आग्रह भी किया।

ग्राम के बुजुर्ग ने रानी लक्ष्मीबाई के ऊपर लिखी कविता सुनाई तथा गीता प्रश्नोत्तरी स्वाध्याय पश्चात सभी ग्रामवासियों के बीच समिति सदस्य बलवीर सिंह यादव ने भक्ति गीत की प्रस्तुति दी तथा

प्रति रविवार को ग्राम ग़र्रोली में समिति द्वारा गीता स्वाध्याय की शुरुआत कराई गई। आगामी रविवार के आयोजक मन्ना सिंह यादव बने हैं। इस अवसर पर गणेशराम भीकली ने ग्रामवासियों से नशा न करने की अपील की। अंत में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गर्रोली द्वारा चना गुड़ का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम डोंगर में देवेन्द्र,राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, भगवानलाल कुशवाह, कल्यासिंह, रमेश अहिरवार, सुल्तानसिंह, गोविंदसिंह, शिशुपालसिंह, बाबूलाल प्रजापति आदि एवं गर्रोली में ब्रजपालसिंह, जयपालसिंह, हरिसिंह, रोशन, अमरसिंह, मन्नासिंह, अजबसिंह, शंकरदयाल शास्त्री, लाखनसिंह सहोदरी सहित सभी ग्रामवासी भक्तजन युवा बुजुर्ग उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय ने अपीलार्थियों की अपील खारिज की

### कार्यवाही पर नहीं दिया स्थगन आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शहर के चर्चित रिलायंस पेट्रोल पंप अतिक्रमण मामले में प्रशासन को एक बार फिर सफलता मिली है। पिछले दिनों प्रशासन द्वारा धनुष धारी मंदिर की औकाफ-माफी की जमीन पर से अतिक्रमण हटाते हुए रिलायंस पेट्रोल पंप सहित आसपास की अतिक्रमण की जमीन में हुए निर्माण को सील कर दिया था तथा संपत्ति पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस चस्पा किया गया था।

जिसके विरुद्ध स्थगन आदेश लेने पेट्रोल पंप संचालक न्यायालय गए थे जहां निचली अदालत द्वारा प्रशासन के पक्ष में निर्णय देते हुए प्रशासन की कार्रवाई पर स्थगन नहीं दिया था। तत्पश्चात अपीलार्थी पुरुषोत्तम पुत्र हरिराम अग्रवाल, विनोद पुत्र हरिराम अग्रवाल, अंकित पुत्र विनोद अग्रवाल, संकेत पुत्र पुरुषोत्तम अग्रवाल द्वारा अपील प्रस्तुत की गई। जिसकी सुनवाई द्वितीय जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार अशोकनगर की अदालत में की गई। जहां न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी शासकीय जिला लोक अभियोजक भगवती प्रसाद लोधी, सहायक लोक अभियोजक आशुतोष लोधी के द्वारा की गई। प्रकरण में प्रशासन के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए अपीलार्थी की अपील निरस्त कर दी। जिससे एक बार फिर उक्त चर्चित मामले में प्रशासन को सफलता मिली। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा पिछले दिनों धनुषधारी मंदिर की सर्वे नंबर 669 की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। जिसमें जहां रिलायंस पेट्रोल पंप का कुछ हिस्सा आ रहा था। अन्य इमारतें भी अतिक्रमण कर निर्माण की गई थी। जहां से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। इसी मामले में उच्च न्यायालय में डॉ. संदीप जैन द्वारा अपील की गई है, उक्त मामले में भी न्यायालय द्वारा सुनवाई की गई है।

## जिले में एसआईआर तेजी से जारी, मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का हो रहा कार्य



**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर कार्य में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मीडिया की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि बीएलओं द्वारा मतदाताओं के गणना पत्रक का वितरण किया गया है। साथ ही बीएलओं द्वारा मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का आज दिनांक तक 47.25 प्रतिशत डिजिटाईजेशन किया गया है। डिजिटाईजेशन कार्य में मध्यप्रदेश में अशोकनगर जिला प्रथम स्थान पर है। गणना पत्रकों की डिजिटाईजेशन की हर दो घंटे में मॉनीटरिंग कर रिपोर्ट ली जाती है। गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन के लिए बीएलओ के अतिरिक्त मैदानी पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की डयूटी लगाई गई। उन्होंने बताया कि गणना पत्रकों का शत प्रतिशत डिजिटाईजेशन के लिए 25 नवम्बर तक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से प्रारंभ की गई है जो 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसम्बर तक किया जाएगा। दावा आपत्तियों के 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। फाइनल मतदाता सूची का 7 फरवरी 2026 को प्रकाशन होगा।

## नगर पालिका के अस्थाई कर्मियों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगरपालिका में विभिन्न पदो पर कार्यरत अस्थायी कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे जिनमें सफाई कर्मचारी भी शामिल हैं। उनका कहना है कि नगरपालिका आशोकनगर के द्वारा हमें न तो समय पेर वेतन दी जा रही है एवं अनावश्यक कारण बताकर हमारी वेतन काट ली जाती है। वह विगत 2 माह से आधी अधुरी वेतन दी जा रही है जिससे हमारे परिवार के भरण पोषण में परेशानी हो रही है। और हम पर कर्जा बढ़ रहा है। और किसी किसी कर्मचारी को पूरे माह का वेतन दिया जा रहा है। नगरपालिका किसी भी समय पर बुलाकर काम कराया जाता है। हम अस्थाई कर्मचारियों को कार्य करते करते 9 से 10 वर्ष लगभग हो चुके हैं। उन्हें स्थाई किये जाने की मांग भी की गई। सविदा एवं मस्टर पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित किया जाए और उनकी वेतन बढ़ाई जाए, वेतन बिना सूचना दिये काट लिया जाता है। उन्होंने नगरपालिका परिषद अशोकनगर में सफाई कर्मीयो के वेतन रिकार्ड की जाच कराए जाने की मांग की है।

### मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने दिगंबर जैन दर्शन के प्रवचन में दी सीख

# ‘जहां ऐसा भाव आए समर्पण कर दूं, वहीं तुम्हारा हित होगा’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिसको देखकर ऐसा भाव आ जाए कि इसकी शरण में जाकर सब कुछ समर्पित कर दूं, वहीं तुम्हारा हित होगा। जिसके मन में यह भाव आ जाएं कि मैं इनकी शरण में चला जाऊं जिसको देखकर ऐसा भाव आ जाएं वस उसकी शरण में चले जाना। किसका है किसके लिए है इन बातों से अलग हटकर अपने आप को समर्पित कर देना।

**जो तुम्हारी दृष्टि में मंगल हो वह तुम्हारे जीवन का मंगल करेगा** उन्होंने कहा कि जो तुम्हारी दृष्टि में मंगल हो वह तुम्हारे जीवन का मंगल करेगा। अभी तुम्हारी दृष्टि में कोई मंगल था ही नहीं लेकिन जैसे ही तुम ने अपना भला करने वाले का ध्यान किया तुम्हारे लिए लगने लगा कि इस दुनिया में कोई तो हमारा है। तुम मेरी नकल मत करना तुम तो मेरी अकल से चलना मेरी अक्ल अपने जीवन को अच्छा बनाने के लिए ले लेना सफलता मिल जायेगी। संसार में आपकी दृष्टि में सबसे श्रेष्ठ मंगल कौन से हैं फिर आगम से तौल कर अपने गुरु से विचार-विमर्श करना। जो मैंने उत्तम माना है वह आगम से गुरु जनो ने भी जिसे श्रेष्ठ माना है अब उसे आगे कर देना तुम्हारा मंगल ही मंगल होगा।

इसके पहले तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि 23 नवम्वर की तारीख इस अंचल के भक्तो को एक नई सौगात लेकर आई रही है। इस दिन परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान के रूप में एक रक्षा कवच इस अंचल के ही नहीं देशभर से आ रहे भक्तो को देने जा रहे हैं। इस दिन प्रातः काल की वेला में दर्शनोदय के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के दरवार में रजत मांडने पर असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान के कलशों की स्थापना होगी। इस हेतु एक बार भक्त को श्री फल की राशि भेंट करना होगा। इसके आजीवन विधान का सौभाग्य आपको प्राप्त होता रहेगा। प्रति वर्ष क्षेत्र कमेटी आपको एक चांदी की मुद्रा एवं नंद्यावर्त देती रहेगी। जो वर्ष भर बड़े बाबा के दरबार में मंत्रिय हो आपको अपने घर ले जाने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर अक्षय अमरोद समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद सहित अन्य प्रमुख जनों ने सभी से इसमें भाग लेने का निवेदन किया है।